राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–78 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री अजीत कुमार सिंह, सूचनाधिकार कार्यकर्ता, बोस पार्क, एफ.नं.–148/64, एम.जी. रोड, भागलपुर–812001

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
11.09.2023	श्री अजीत कुमार सिंह, सूचनाधिकार कार्यकर्ता, बोस पार्क, एफ.नं. –148/64, एम.जी. रोड, भागलपुर–812001 का प्रथम अपील आवेदन दिनांक–10.08.2023 (जो इस सचिवालय में 17.08.2023 को प्राप्त हुआ है) मेरे समक्ष आज उपस्थापित किया गया है। विदित हो कि उक्त आवेदन के प्राप्ति की तिथि को मेरे अवकाश में रहने के कारण प्रभारी पदाधिकारी द्वारा इसे लोक सूचना पदाधिकारी को 17.08.2023 को ही पृष्ठांकित कर दिया गया था, परंतु यह अपील आवेदन मुझे आज हस्तगत कराया गया है। उपर्युक्त के आलोक में श्री शाहीद अतहर, प्रशाखा पदाधिकारी–सह–लोक सूचना पदाधिकारी से इस आशय की प्रतिवेदन की मांग करें कि अपील आवेदन को इतने दिनों तक अपने पास क्यों लंबित रखा गया है तथा विलंब से उपस्थापन के लिए कौन जिम्मेवार है? प्रथम अपील आवेदन के माध्यम से अपीलार्थी ने लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय द्वारा प्रपत्र 'क' दिनांक–28.06.2023 के माध्यम से मांगी गयी सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण यह अपील अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दायर किया है। अतः लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय से अपील आवदेन विलंब से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करने तथा अपीलार्थी के प्रपत्र 'क' दिनांक–28.06.2023 के आलोक में की गयी कार्रवाई से संबंधित अभिलेख/प्रतिवेदन की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–15.09.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। ह0/- 11/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी सह प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापांक- 1416/रा0स0(III) दिनांक 12-09-2023

प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री अजीत कुमार सिंह, सूचनाधिकार कार्यकर्ता, बोस पार्क, एफ.नं.-148/64, एम.जी. रोड, भागलपुर-812001 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/- 11/9/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी

अपील वाद संख्या—78 (लो०सू०अ०)/2023—24

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
15.09.2023	दिनांक 11.07.2023 को पारित आदेश के क्रम में लोक सूचना पदाधिकारी का प्रतिवेदन प्राप्त है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा अपीलार्थी श्री अजीत कुमार सिंह को उनके द्वारा मांगी गयी सूचना अपने पत्रांक-136 दिनांक 31.07.2023 के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया है। अपीलार्थी ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपना अपील आवेदन दिनांक-10.08.2023 के माध्यम से दायर किया तथा अपने अपील आवेदन में यह उल्लिखित किया है कि लोक सूचना पदाधिकारी ने उन्हें कोई सूचना उपलब्ध नही करायी है तथा जवाब अप्राप्त है। उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में लोक सूचना पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि वे अपीलार्थी को भेजे गए उक्त पत्र की छायाप्रति आदेश प्राप्त होने के एक सप्ताह के अंदर पुनः प्रेषित कर दें। तद्नुसार वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। सभी संबंधित को सूचित करें। 15/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापांक-1439/रा०स०(III) दिनांक-15-09-2023

प्रतिलिपि:-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री अजीत कुमार सिंह, सूचनाधिकार कार्यकर्ता, बोस पार्क, एफ.नं.-148/64, एम.जी. रोड, भागलपुर-812001 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/9/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी